सूरत धाम | By Varsha Soni

सूरत में मंदिर, मंदिर में बैठे बाबा श्याम
सूरत में मंदिर, मंदिर में बैठे मेरे श्याम
बड़ा प्यारा सूरत धाम
जिसमे बैठे घनश्याम

मेरे सांवरिया का खूब सजा दरबार
देखो बीच में बैठे हैं इतरा कर लखदातार
एक हाथ बालाजी बिराजे दूजे भोलेनाथ रे
बालाजी और भोलेनाथ के संग में है सरकार
बड़ा प्यारा है ....

बालाजी के संग राम जी का दरबार
है संग में सीता माँ और लक्ष्मण जी दातार
राधेश्याम की जोड़ी भी दे रही इनका साथ रे
और मेरे गुरुवर का भी सजा यहाँ दरबार
बड़ा प्यारा है ....

भोलेनाथ जी तो यहाँ बिराजे सहपरिवार
भगतों को निरख रहे ये बाँट रहे हैं प्यार
माँ गोरा के संग में दोनों लाल विराजे रे
गणेश और कार्तिक के संग नंदी साजे रे
बड़ा प्यारा है ....

सूरत के वेशो में है श्याम दरबार
ये सूरत धाम है बाबा का चमत्कार
यहाँ हमेशा हर पल हर घडी भक्तों की कतार रे
वर्षा तो झूमे नाचे है देख के ये दरबार
बड़ा प्यारा है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a4%a4-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-varsha-soni/